हरिभूमि
विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 15 सितंबर 2026

06 शाम तक विराजे गणेश तो रात भर चलती रही...



07 आरोपी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग पैदल...



खबर संक्षेप

निःशुल्क नेत्र शिविर 16 सितंबर को लगेगा

विदिशा। सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय बैरागढ़ एवं रोटरी ग्रेटर विदिशा के सहयोग से 16 सितंबर को निःशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर लगाया जाएगा। शिविर शास्त्रीनगर स्थित वर्मा हॉस्पिटल के सामने सेवा सदन नेत्र जांच केंद्र पर सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक लगेगा। इसमें मरीजों की आंखों की जांच निःशुल्क की जाएगी। मोतियाबिंद पाए जाने पर मरीजों को सेवा सदन अस्पताल की एंबुलेंस से ले जाकर निःशुल्क ऑपरेशन कराया जाएगा। मरीजों के आने-जाने, भोजन और दवाइयों की व्यवस्था भी निःशुल्क रहेगी। मरीज आधार कार्ड, पहचान पत्र की फोटो कॉपी और मोबाइल नंबर साथ लाएं। रोटरी ग्रेटर अध्यक्ष रोटे रविंद्र जैन व सचिव अंकित साहू ने शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

135 समूहों ने बनाए 2.96 लाख दीपक

विदिशा। सेवा संकल्प अभियान का शुभारंभ 17 सितंबर को शाम 7 बजे 'आशीर्वाद का दिया' कार्यक्रम से होगा। अभियान के तहत जिले के 135 स्व-सहायता समूहों ने गोबर और मिट्टी से 2 लाख 96 हजार 987 दीपक तैयार किए हैं। इनमें 70 हजार 761 गोबर और 2 लाख 26 हजार 226 मिट्टी के दीपक शामिल हैं। जिले के सातों विकासखंडों में दीपक तैयार किए गए। ग्यारसपुर के 30 समूहों ने सर्वाधिक 94 हजार 385, कुरवाई के 25 समूहों ने 59 हजार 400 और विदिशा के 24 समूहों ने 51 हजार 772 दीपक बनाए। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में तैयारियां की गई हैं।

आजीविका गतिविधियों से 47201 हितग्राही को लाभ

विदिशा। मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत जिले के सातों विकासखंडों में 47201 हितग्राही लाभान्वित हुए हैं। स्व-सहायता समूहों के सदस्यों को बैंक ऋण सहित अन्य वित्तीय सहयोग देकर रोजगार और आय बढ़ाने के अवसर दिए जा रहे हैं। विदिशा विकासखंड में सर्वाधिक 8 हजार 408 हितग्राही लाभान्वित हुए हैं। लटेरी में 7 हजार 239, ग्यारसपुर में 7 हजार 131, नटेरन में 6 हजार 496, सिरोंज में 6 हजार 436, बासौदा में 6 हजार 135 और कुरवाई में 5 हजार 356 हितग्राही गतिविधियों से जुड़े हैं।

सोलर प्लेट्स तोड़कर एल्यूमीनियम किया चोरी

विदिशा। पन्नी बीनने वाली महिलाओं द्वारा सोलर प्लेट्स को तोड़कर एल्यूमीनियम चोरी करने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें महिलाएं सोलर प्लेटों को पत्थरों से तोड़ रही हैं। बताया जा रहा है कि सामग्री इन महिलाओं द्वारा चोरी की गई थी। सनसाइन सोलर के संचालिक नवीन कोठारी ने बताया कि उनके यहां से करीब 50 से 60 हजार रुपए की सामग्री चोरी की गई है। वीडिया वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई और चोरी करने वाली महिलाओं को पकड़ लिया।

झांकियों में भव्य प्रतिमाओं के साथ घर-घर हुई स्थापना, प्राचीन मंदिरों में उमड़ी भीड़

गणेशोत्सवः शहर में 100 से अधिक जगह सजी झांकियां, वात्सल्य में भव्य शुभारंभ

गणेश चतुर्थी पर सोमवार को शहर गणपति भक्ति में डूबा रहा। विभिन्न जगह करीब 100 स्थानों पर छोटी-बड़ी झांकियां सजाई गईं और कई जगह भव्य प्रतिमाओं की स्थापना हुई। घरों में भी विधि-विधान से गणेशजी की पूजा कर स्थापना की गई। बाजार में सुबह से शाम तक खरीदारी के लिए भीड़ रही। सड़कें खराब होने का असर गणेश प्रतिमाओं के आवागमन पर भी दिखा। कई जगह यातायात थमा और वाहन फंसते रहे।




रथ पर सवार होकर पहुंचे गणपति बप्पा

विदिशा। वात्सल्य स्कूल में विधि विधान के साथ भगणन गणेश की प्रतिमा की स्थापना की गई। गणेशोत्स के पहले दिन छात्र छात्राओं ने नृत्य की प्रस्तुति दी।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

गणेशोत्सव के पहले दिन से ही शहर के प्राचीन चिंतामणि गणेश मंदिर, पुरानी गल्लामंडी स्थित गणपति मंदिर और बाढ़ वाले गणेश मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। शाम होते ही इन मंदिरों और आसपास के इलाकों में उत्सव का रंग और गहरा गया।

इधर वात्सल्य विद्यालय में सोमवार को गणपति महोत्सव की शुरुआत भगवान गणेश की भव्य शोभायात्रा और प्रतिमा स्थापना के साथ हुई। गणेश प्रतिमा को रथ पर सवार कर पांडाल तक लाया गया। ढोल-ताशों, झांझ-मंजीरों और पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुन पर विद्यार्थी उत्साह से झूमते नजर आए। पारंपरिक वेशभूषा में सजे छात्र-छात्राओं ने नृत्य प्रस्तुतियां दीं। गणपति बप्पा मोरया के जयघोष से पूरा परिसर गूंज उठा। महोत्सव में छोटे बच्चों ने भगवान गणेश के वाहन मूषक की थीम पर आकर्षक सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया। हाथों में मूषक के कटआउट लेकर बच्चों की प्रस्तुति ने सभी का ध्यान खींचा। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान से गणेश प्रतिमा की स्थापना की गई। स्थापना विद्यालय प्रमुख देवना अरोरा, नम्रता अरोरा, प्रतीक कोहली, रुचिरा अरोरा और संजय शर्मा ने की।

झांकियों में दिखेंगे सामाजिक संदेशः गणेश महोत्सव के दौरान विद्यार्थियों के लिए जागरुकता कार्यशालाएं और विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इनमें सामाजिक और व्यावहारिक मुद्दों को झांकियों के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा।

भगवान गणेश को बुद्धि और विवेक के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत करते हुए छात्रों को आस्था के साथ आध्यात्मिक मूल्यों से जोड़ने का प्रयास किया गया। इस बार महोत्सव की थीम राष्ट्रीय पक्षी मोर पर आधारित है। इसी अनुरूप विद्यार्थियों की वेशभूषा और पांडाल की सजावट तैयार की गई है। सजावट में अधिकांश सामग्री शिक्षकों और विद्यार्थियों ने स्वयं हस्तकला के जरिए तैयार की है। स्कूल डायरेक्टर देवना अरोरा ने कहा कि आयोजन का उद्देश्य बच्चों को केवल धार्मिक गतिविधियों से जोड़ना नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिकता और राष्ट्रीय चेतना से परिचित कराना है। परमपूज्य गुरुदेव ने भी विद्यालय परिवार और विद्यार्थियों को गणेश उत्सव के लिए आशीर्वाद दिया। देवना अरोरा ने आभार व्यक्त किया।

■ मूषक थीम पर बच्चों ने किया नृत्य, मोर थीम पर सजीं झांकियां

नेशनल हाईवे 146 पर दो बाइक की आमने-सामने भिड़ंत, तीन युवक घायल

मानोरा-पीपलखेड़ी के बीच हुआ हादसा, गंभीर हालत में तीनों को जिला अस्पताल रेफर किया



ग्यारसपुर। राहगीरों की मदद से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

नेशनल हाईवे 146 पर आए दिन हो रहे गंभीर हादसे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ग्यारसपुर

नेशनल हाईवे 146 पर सोमवार दोपहर मानोरा और पीपलखेड़ी के बीच दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई।

हादसा दोपहर करीब 3 से 4 बजे के बीच हुआ। दुर्घटना में दोनों बाइक पर सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई।

सूचना मिलने पर 1033 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। ईएमटी मोहन अहिरवार और पायलट खिलान लोधी ने घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ग्यारसपुर पहुंचाया। घायलों की पहचान लालू यादव (25) और शिवेंद्र यादव (21), दोनों निवासी रीवा जिले, तथा गोपाल आदिवासी (25), निवासी शमशाबाद, जिला विदिशा के रूप में हुई है। ग्यारसपुर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर तीनों को जिला चिकित्सालय विदिशा रेफर किया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

लटेरी में अवैध शराब निर्माण पर पुलिस की दबिश, 700 लीटर महुआ लहान बरामद

जंगल के पास खेत में छिपाकर रखा था लहान, मौके पर नष्ट किया

हरिभूमि न्यूज ⏭लटेरी



अवैध शराब के निर्माण, संग्रहण और विक्रय के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत लटेरी पुलिस ने ग्राम फतेहगढ़-ताजपुर के जंगल क्षेत्र में कार्रवाई की। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका तिवारी और एसडीओपी लटेरी अमरीश बोहरे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बीभेंदु व्यंकट टांडिया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दबिश दी।

पुलिस को सूचना मिली थी कि जंगल के पास खेत में हाथ भट्टी की कच्ची शराब बनाने के लिए महुआ लहान छिपाकर रखा गया है। सूचना की तस्दीक के बाद टीम ने बताए स्थान पर दबिश दी। मौके से करीब 700 लीटर महुआ लहान बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत 10 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस के अनुसार इसका उपयोग अवैध कच्ची शराब बनाने में किया जाना था। बरामद लहान को नियमानुसार मौके पर नष्ट कर दिया गया।

अस्पताल के गेट पर ताला, बाहर ही गूंजी किलकारी

प्रसव पीड़ा में पहुंची महिला को नहीं मिला डॉक्टर-नर्सिंग स्टाफ, स्वास्थ्य व्यवस्था पर उठे गंभीर सवाल

ग्रामीणों की शिकायत के बाद सीएमएचओ ने नर्सिंग स्टाफ को नोटिस देकर की इतिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭लटेरी



विदिशा। रात के समय अस्पताल के बाहर लगी ग्रामीणों की भीड़।

अहमदपुर स्वास्थ्य केंद्र की स्वास्थ्य व्यवस्था की रविवार रात उस समय पोल खुल गई जब प्रसव पीड़ा से परेशान महिला ने अस्पताल के मुख्य गेट पर ही बच्ची को जन्म दे दिया।

महिला को लेकर परिजन रात करीब 8:30 बजे अस्पताल पहुंचे थे, लेकिन मुख्य गेट पर ताला लगा मिला। काफी देर तक प्रयास के बाद ग्रामीणों की मदद से गेट खुला, लेकिन अंदर डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ मौजूद नहीं था। इसी दौरान महिला का प्रसव अस्पताल के गेट पर ही हो गया।जानकारी के अनुसार ग्राम सतपाड़ा निवासी भारती को रविवार रात प्रसव पीड़ा शुरू हुई थी। परिजन एंबुलेंस से उन्हें अहमदपुर स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। अस्पताल का मुख्य गेट बंद मिलने पर उन्होंने गेट खोलने का प्रयास किया, लेकिन चौकीदार ने गेट नहीं खोला। इसके बाद आसपास के ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों के दबाव के बाद गेट खोला गया, लेकिन स्वास्थ्यकर्मी मौजूद नहीं मिले। घटना के बाद ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए 181 पर शिकायत की। इसके बाद मां और नवजात बच्ची को जिला अस्पताल भेजा गया। आरोप है कि स्वास्थ्य केंद्र का भवन तो तैयार है, लेकिन रात के समय नियमित रूप से डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ उपलब्ध नहीं रहते। मामले में सीएमएचओ डॉ. रामहित कुमार ने बीएमओ को जांच के निर्देश दिए हैं। प्रारंभिक कार्रवाई के तहत नर्सिंग स्टाफ को नोटिस जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इलेक्ट्रीशियन संघ ने तय किए फिटिंग रेट

विदिशा। भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध इलेक्ट्रीशियन संघ की बैठक स्वर्णकार कॉलोनी स्थित जिला कार्यालय में हुई। बढ़ती महंगाई को देखते हुए इलेक्ट्रिक फिटिंग के नए रेट तय करने पर चर्चा हुई। भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख महेंद्र सोनी, अध्यक्ष संदीप नामदेव, कार्यकारी अध्यक्ष अनिल सिंघवी और महामंत्री चरण सिंह लोधी की उपस्थिति में सभी सदस्यों ने नई रेट लिस्ट जारी करने का निर्णय लिया। महेंद्र सोनी ने नई रेट लिस्ट जारी की। बैठक में कोषाध्यक्ष संजय रैकवार के अलावा जितेंद्र गुप्ता, राजकुमार साहू, भूपेंद्र कुशवाह, सुदामा ठाकुर, रमेश दादा, कमल सिंह रघुवंशी, रामू कुशवाह, राजू सोलंकी, पूरन प्रजापति और कमल सिंह कुशवाह सहित सदस्य मौजूद रहे।

पहले दिन 2 लाख दीपों से जगमगाएगा जिला

विदिशा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक प्रदेश में सेवा संकल्प अभियान चलाया जाएगा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने अभियान की गतिविधियों के लिए विभागवार जिम्मेदारियां सौंपी हैं। पहले दिन 17 सितंबर को शाम 7 बजे जिले के चयनित स्थलों पर एक साथ दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। नदी घाटों, प्रमुख मंदिरों, चौराहों, सार्वजनिक स्थलों, डेम, जलशोधन संयंत्रों सहित हितग्राही परिवारों के घरों में दीप जलाए जाएंगे। प्रत्येक ग्राम पंचायत और नगरीय वार्ड में न्यूनतम 500 दीप प्रज्ज्वलित करने का लक्ष्य है। रक्तदान शिविर भी आयोजित होंगे। अभियान में कुल 13 गतिविधियां शामिल की गई हैं।

गौशाला में गौ पूजन, गुड़ सेवा का आह्वान

हरिभूमि न्यूज. विदिशा। गणेश चतुर्थी के अवसर पर श्री गोपाल कृष्ण गौशाला में गौ पूजन कर गौ माता को गौ ग्रास कराया गया। शिक्षा विभागीय गौ सेवा पर्यावरण संरक्षण सेवा समिति के विजय कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि समिति द्वारा कई वर्षों से धार्मिक पर्वों, महापुरुषों की जन्म-पुण्यतिथि तथा परिवार के विशेष अवसरों पर गौ सेवा की जाती है। आगामी श्राद्ध पक्ष में समाजसेवियों द्वारा प्रतिदिन एक क्विंटल दलिया गौ माता को खिलाया जाएगा, जिसमें समिति की ओर से गुड़ प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर शिक्षक अरविंद अवस्थी, हरिहर चतुर्वेदी, उमेश ताम्रकार, अनिल दीवान सहित समाजसेवी मौजूद रहे।

16 सितंबर को अटारी खेजड़ा में होगी जनसभा

विदिशा। यूजीसी इक्विटी रेगुलेशन-2026 के प्रस्तावित प्रावधानों के विरोध में 16 सितंबर को अटारी खेजड़ा में रैली और जनसभा आयोजित की जाएगी। जिलाध्यक्ष मोहर सिंह रघुवंशी ने कहा कि शिक्षण संस्थानों में जातिगत टिप्पणी, भेदभाव या सामाजिक आधार पर प्रताड़ना किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होनी चाहिए। विद्यार्थियों की गरिमा, समानता और सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करना सामूहिक जिम्मेदारी है। समाज ने कहा कि किसी भी नियम या व्यवस्था में समानता, निष्पक्षता और सभी वर्गों के हितों का संतुलन जरूरी है। समाजजनों से रैली में सहभागिता दर्ज कराने का आह्वान किया गया है।

भारत रक्षा मंच की जिला बैठक 16 को

विदिशा। भारत रक्षा मंच की जिला बैठक 16 सितंबर बुधवार को शाम 4 बजे पुलिस लाइन रेस्ट हाउस में होगी। बैठक में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूर्यकांत केलकर, प्रदेश संगठन मंत्री शैलेंद्र सेठ सहित अन्य पदाधिकारी मार्गदर्शन के लिए उपस्थित रहेंगे। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष भगवान अहिरवार करेंगे। इसमें आगामी प्रांतीय सम्मेलन की तैयारियों, देश की सीमाओं की सुरक्षा तथा सामाजिक समरसता अभियान को लेकर विशेष चर्चा की जाएगी। संगठन पदाधिकारियों ने विचार-विमर्श में सहभागिता करने की अपील की है।

मतदाता सूची के शुद्धिकरण के लिए 5 सदस्यीय समिति गठित

एक माह में सूची तैयार कर परिषद को सौंपेगी समिति, जिले में जारी रहेगा सदस्यता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिला सनाढ्य ब्राह्मण परिषद की बैठक परिषद उपाध्यक्ष पं. हेमंत शर्मा के निवास पर आयोजित हुई। बैठक में विगत दिनों आम चुनाव स्थगित होने के कारणों पर विचार-विमर्श किया गया। सर्वसम्मति से समाज की मतदाता सूची के शुद्धिकरण एवं आवश्यक सुधार के लिए पांच सदस्यीय समिति गठित की गई। इसमें पं. संजीव शर्मा, पं. धर्मेंद्र डिमोले, पं. मुकेश शर्मा गुरारिया, पं. अभिनय तिवारी गट्टू और पं. बृजनंदन दुबे को शामिल किया गया। समिति एक माह में कार्य पूरा कर संशोधित सूची परिषद को सौंपेगी।

बैठक में तय किया गया कि समाज का आजीवन सदस्यता अभियान जिलेभर में जारी रहेगा। सदस्य बनाने के लिए वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य पं. जितेंद्र शर्मा (ढांच) को अधिकृत किया गया है। इसमें युवा सनाढ्य ब्राह्मण समिति सहयोग करेगी। समाज के पंजीयन नवीनीकरण की जिम्मेदारी कोषाध्यक्ष पं. शाश्वत शर्मा को दी गई। बैठक में अध्यक्ष पं. दीपक तिवारी, सचिव अभिनव तिवारी सहित कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे। अंत में सचिव ने सभी का आभार व्यक्त किया।

प्रतिभा विकास संस्थान में निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को किया पुरस्कृत

हिंदी पर गर्व करें, मातृभाषा को व्यवहार में लाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



विदिशा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने गीत और कविताओं की प्रस्तुति दी जिससे अतिथियों द्वारा सराहा गया।

प्रतिभा विकास संस्थान में सोमवार को राजभाषा हिंदी दिवस कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत वेद मंत्रों के साथ हुई। संस्थान के छात्र-छात्राओं ने हिंदी के प्रति प्रेम और सम्मान से जुड़े गीत, कविताएं और भाषण प्रस्तुत किए।

विद्यार्थियों ने 'जिसको हिंदी से प्यार नहीं, वह कैसा हिंदुस्तानी है' जैसे गीतों से हिंदी के महत्व का संदेश दिया। इस दौरान निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को अतिथियों ने पुरस्कार प्रदान किए। मुख्य अतिथि शिक्षाविद् जगनमोहन शर्मा ने कहा कि जरूरतमंद विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा देकर प्रतिभा विकास संस्थान ऐतिहासिक कार्य कर रहा है। हिंदी सरल और सहज भाषा है, इसलिए मातृभाषा को व्यवहार में अपनाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को गुरु का सम्मान करने और माता-पिता की जीवनकाल में सेवा करने की सीख दी। साहित्यकार गोवर्धन राजोरिया ने कहा कि अपनी भाषा के प्रति सम्मान जरूरी है। सभी को हिंदी में हस्ताक्षर करने और मौलिक गीत-कविताएं लिखने का प्रयास करना चाहिए।

■ विजेताओं को अतिथियों ने पुरस्कार प्रदान किए।

संस्था अध्यक्ष दिनेश वाजपेयी ने विद्यार्थियों से हिंदी में अभिवादन करने और दैनिक व्यवहार में हिंदी को अपनाने की अपील की। एंटक चेप्टर के संयोजक अरविंद श्रीवास्तव ने निःशुल्क शिक्षा का लाभ लेकर आगे बढ़ने और दूसरों के काम आने की बात कही। विशेष अतिथि अतुल रतनशी शाह मौजूद रहे। संचालन छात्रा वंदना अहिरवार ने किया। आभार विपुल शर्मा ने माना।

पालने में हुए बाबा के दर्शन, लगे छप्पन भोग, हुआ भंडारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



राजस्थान के प्रसिद्ध लोक देवता बाबा रामदेव का जन्मोत्सव नगर में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। जन्मोत्सव के अवसर पर नगर के चक्क स्वरूप नगर स्थित रामदेव मंदिर, राजेंद्र नगर स्थित रामदेव मंदिर एवं बहलोट स्थित करीब 45 साल पुराने बाबा रामदेव मंदिर सहित तीनों प्रमुख रामदेव मंदिरों में दिनभर धार्मिक आयोजनों का सिलसिला चलता रहा। सुबह से ही मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही और देर शाम तक भक्तों का तांता लगा रहा।


बाबा रामदेव के जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की। उन्होंने मंदिर पहुंचकर बाबा रामदेव की पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। चक्कस्वरूप नगर स्थित बाबा रामदेव मंदिर में भाद्रपद शुक्ल द्वितीया भादवा दूज के अवसर पर बाबा रामदेव का जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया। जन्मोत्सव को लेकर मंदिर परिसर सहित आसपास के क्षेत्र को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिर में बाबा रामदेव की प्रतिमा का भव्य श्रृंगार किया गया। फूलों से किए गए आकर्षक श्रृंगार ने बाबा के दरबार की शोभा बढ़ा दी।

मंदिर में बाबा को विधि-विधान से पंचामृत अभिषेक कराया गया तथा विशेष पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद बाबा को छप्पन भोग अर्पित किया गया। हनुमान चौक से बाबा की ध्वजा और पिंड भरते हुए भक्तों का काफिला चक्क स्वरूप नगर स्थित बाबा रामदेव मंदिर तक पहुंचा। जहां भक्ति भाव के साथ मंदिर के शिखर पर बाबा की पचरंगी ध्वजा अर्पित की गई। जन्मोत्सव के विशेष आकर्षणों में पालना दर्शन रहा। बाबा रामदेव जी की प्रतिमा को पालने में विराजमान कर श्रद्धालुओं को दर्शन कराए गए। भक्तों ने पालने में विराजमान बाबा के दर्शन किए और अपनी मनोकामनाओं के साथ आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान मंदिर परिसर में बाबा के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। जन्मोत्सव को लेकर चक्क स्वरूप नगर में विशेष सजावट की गई। मील रोड से लेकर बाबा रामदेव मंदिर तक पूरी गली को झिलमिल रोशनी से सजाया गया, जिससे रात के समय पूरा क्षेत्र आकर्षक नजर आया। मंदिर पर भी विशेष विद्युत सजावट की गई थी। मंदिर परिसर में सुबह से भंडारे का आयोजन किया गया, जो देर रात तक चलता रहा। हजारों श्रद्धालुओं ने भंडारे में बैठकर प्रसादी ग्रहण की। श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी की व्यवस्था पूरे दिन जारी रही।

मंदिर के संस्थापक और मुख्य पुजारी पंडित वीरेंद्र शर्मा ने बताया कि बाबा रामदेव का 670 वां जन्मोत्सव मनाया गया। बाबा की प्रतिमा के पंचामृत अभिषेक, विशेष पूजन, श्रृंगार, छप्पन भोग, पालना दर्शन और भंडारे सहित विभिन्न धार्मिक आयोजन पूरे दिन चलते रहे। जन्मोत्सव के दौरान चक्क स्वरूप नगर का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय रहा। श्रद्धालुओं ने दर्शन कर खुशहाली की कामना की।

हनुमान अंश फिल्म के बाल कलाकार का नगर आगमन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



बॉलीवुड की चर्चित फिल्म 'हनुमान अंश' में 'शुभांकर' की महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले नगर की पावन भूमि में जन्मे बाल कलाकार सात्विक अभिषेक शर्मा का प्रथम नगर आगमन मंगलवार को शाम 4 बजे हो रहा है। इस मौके पर मां कर्माबाई चौराहा से भव्य स्वागत यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह स्वागत यात्रा राजेंद्र नगर, सिरोंज चौराहा होते हुए गांधी चौक, सदर बाजार, मुख्य मार्ग एवं जयस्तंभ चौक से बरेठ रोड स्थित दादजी प्लाजा कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेगी। जहाँ बाल कलाकार सात्विक शर्मा का विभिन्न सामाजिक संगठनों, संस्थाओं, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया जाएगा। कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर नगर के प्रतिभाशाली बाल कलाकार का उत्साहवर्धन करने की अपील की गई है।

छात्रों की गूंज कार्यक्रम में शामिल होने की अपील




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

कांग्रेस नेता राहुल गांधी आगामी 19 सितंबर को इंदौर में आयोजित 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम में छात्रों की शिक्षा, रोजगार, अधिकारों और भविष्य से जुड़े मुद्दों पर संवाद किया जाएगा। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री विकास शर्मा ने प्रदेश के छात्र-छात्राओं से बड़ी संख्या में कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है। उन्होंने कहा कि आज छात्रों की आवाज को दबाने की नहीं, बल्कि मजबूती से उठाने की जरूरत है। विकास शर्मा ने कहा कि हम सभी साथी छात्रों से संवाद करेंगे और कॉलेजों में जाकर उनसे मुलाकात करेंगे। छात्रों के अधिकारों की लड़ाई को मजबूत करने के लिए उनसे राहुल गांधी का साथ देने और इंदौर में होने वाले आगामी कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील करेंगे। उन्होंने कहा कि छात्र देश का भविष्य हैं और उनके अधिकारों से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

हरतालिका तीज और गणेश चतुर्थी का पर्व एक साथ मनाया

शाम तक विराजे गणेश तो रात भर चलती रही शिव-पार्वती की पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





हर साल पहले हरतालिका तीज पर भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती की पूजन होती थी और दूसरे दिन गणेश चतुर्थी पर भगवान गणेश विराजमान किए जाते थे। लेकिन इस बार तिथियों के आधार पर तीज और चौथ तिथि एक ही दिन आने से दुर्लभ संयोग बना। सोमवार को पहले भगवान गणेश की पूजन हुई और दोपहर से लेकर शाम तक जगह जगह भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापना होती रही, वहीं रात को महिलाओं और युवतियों ने हरतालिका तीज मनाते हुए आकर्षक मंडप सजाकर रात भर शिव पार्वती की पूजन की।

उल्लेखनीय है कि परंपरानुसार हरतालिका तीज की पूजन रात भर होती है और सुबह चतुर्थी तिथि से गणेशोत्सव शुरू हो जाता है। इस बार तीज और चौथ तिथि एक ही दिन हैं। इस कारण इस बार पहले गणेश स्थापना हुई और फिर शिव पार्वती पूजन की गई। उधर सोमवार से गणेशोत्सव की शुरूआत को लेकर गणेशोत्सव समितियों और बाल गणेश उत्सव समितियों ने अपनी तैयारियां पहले से ही शुरू कर दी थीं। सोमवार को सभी समिति संचालक अपने अपने तरीके से भगवान गणेश की छोटी से लेकर बडी तक आकर्षक और मनोहारी प्रतिमाएं स्थापना के लिए ले जाते रहे। वहीं श्रद्धालुओं द्वारा भी घरों में विराजमान करने के लिए गणेश प्रतिमाओं को बाजार से खरीदा। हालांकि बाजार में प्रतिबंध के बावजूद पीओपी की प्रतिमाओं की बिक्री भी होती रही, लेकिन मिट्टी से बनी गणेश प्रतिमाओं की मांग ज्यादा रही और अधिकांश झांकी संचालकों एवं श्रद्धालुओं ने ईको फ्रेंडली और मिट्टी की गणेश प्रतिमाएं ही स्थापित कीं। दोपहर बाद से ही शुभ मुहुर्त में पंडालों और घरों में भगवान गणेश की प्रतिमाएं विधिवत पूजन अर्चन के साथ विराजमान की गईं।

उधर हरतालिका तीज व्रत को लेकर महिलाओं और युवतियों में भी उत्साह रहा। उन्होंने दिन भर व्रत रखा और घरों में केले के पत्तों एवं अन्य सामग्री से आकर्षक मंडप सजाए गए और रात में मिट्टी से भगवान शिव एवं माता पार्वती सहित शिव परिवार की प्रतिमाएं बनाकर पूजन अर्चन शुरू की गई। रात भर शिव परिवार की पूजन अर्चन के बाद तडके आरती के बाद विधि विधान से प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।



संतान प्राप्ति की खुशी में किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



संतान प्राप्ति का अवसर हर परिवार के लिए जीवन के सबसे खुशनुमा पलों में से एक होता है। आमतौर पर इस खुशी को लोग मिठाई बांटकर, दोस्तों-रिश्तेदारों के साथ जश्न मनाकर या पार्टी आयोजित कर मनाते हैं। लेकिन इसी खुशी को यदि प्रकृति के नाम कर दिया जाए, तो वह जश्न केवल एक दिन की खुशी न रहकर वर्षों तक याद रहने वाली विरासत बन जाता है। ऐसी ही एक अनूठी और प्रेरणादायी पहल भोपाल में पुलिस विभाग में सब इंस्पेक्टर के पद पर पदस्थ मंजुलता भूपेंद्र अहिरवार ने की है। अपनी द्वितीय संतान की प्राप्ति की खुशी में उन्होंने दो पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लिया है। इसी संकल्प के तहत आज त्योंदा रोड पर श्रमदान दल के तत्वावधान में कदम का एक पौधा रोपित किया गया। पौधे के संरक्षण के लिए ट्री गार्ड की सहयोग राशि भी मंजुलता भूपेंद्र अहिरवार द्वारा प्रदान की गई। पौधारोपण श्रमदान दल के साथी सदस्य गजराज राय की इच्छा पर उनके घर के सामने किया गया। संतान के जन्म की खुशी में किया गया यह पौधारोपण इसलिए भी खास है क्योंकि आज लगाया गया यह छोटा-सा पौधा आने वाले वर्षों में उसी बच्चे के साथ बढ़ेगा। जब वह बच्चा बड़ा होगा, तो उसके सामने एक ऐसा वृक्ष होगा, जिसकी कहानी उसके जन्म की खुशी से जुड़ी होगी।

पर्युषण पर्व महोत्सव के चलते होंगे अनेक आयोजन

गंजबासौदा। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी नगर के समस्त जिनालयों एवं चैत्यालयों में पर्वराज दशलक्षण महापर्व आगामी 16 से 25 सितंबर तक धर्म प्रभावना के साथ मनाया जाएगा। इस दौरान नगर के सभी जिनालयों में दसो दिन तक मंगलाष्टक, अभिषेक ,शांतिधारा,नित पूजन सहित महा आरती एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। भगवान महावीर विहार में मुनिश्री 108 उत्कर्ष सागर महाराज, आचार्यश्री 108 विद्या सागर महाराज, आचार्य श्री 108 समय सागर महाराज के शुभ आशीष से विदुषी बाल ब्रम्हचारी सुनीता दीदी, संगीता दीदी के निर्देशन में दसों दिन के दस धर्म, उत्तम क्षमा, मार्दव, अर्जाव, शोच, सत्य, संयम,तप, त्याग, आकिंचन ,ब्रह्मचर्य दशो धर्म पर दशो दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए जाऐंगे। महावीर विहार में प्रतिदिन प्रातः 6:45 बजे मंगलाष्टक, अभिषेक, शांतिधारा एवं तत्वार्थ सूत्र का सामूहिक पूजन तथा तत्पश्चात श्री कल्याण मंदिर विधान होगा। शाम 6 बजे सामूहिक प्रतिक्रमण, शाम 7 बजे संगीतमय भजन एवं महाआरती, रात्रि 8:15 बजे मंगल प्रवचन तथा रात्रि 9:15 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं स्टेशन मंदिर में प्रातः 6:30 से 7:30 बजे तक मंगलाष्टक, अभिषेक, शांतिधारा एवं प्रक्षाल, प्रातः 8 से 9:15 बजे तक बीच वाली वेदिका पर धार्मिक कार्यक्रम तथा प्रातः 9:30 बजे से ऊपरी तल पर कार्यक्रम होंगे। प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से विधान आयोजित होगा।

देहात थाना पुलिस ने 45 लीटर अवैध शराब जब्त की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

देहात थाना पुलिस ने गत दिवस एक कार से 250 क्वाटर अवैध शराब बरामद की है। जब्त कार और अवैध शराब की कुल कीमत करीब 5.26 लाख रुपये बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार देहात थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि एक स्विफ्ट कार में अवैध शराब अंबानगर से कुरवाई की ओर ले जाई जा रही है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए अंबानगर क्षेत्र में वाहन MP40CA7552 को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान कार में 5 कार्टून रखे मिले, जिन्हें चेक करने पर कुल 250 पाव देशी मदिरा, मात्रा 45 लीटर, कीमत करीब 26,500 बरामद हुई। अवैध शराब के परिवहन में प्रयुक्त स्विफ्ट कार कीमत करीब 5,00,000 को भी जब्त किया गया। मामले में आरोपी रामप्रसाद उर्फ रामू राय उम्र 59 वर्ष निवासी गुलाबगंज स्टेशन के पास, शनि जायसवाल उम्र 30 वर्ष निवासी मेहाजागीर प्रयागराज, हाल अंबानगर चौराहा, भूरा अहिरवार उम्र 39 वर्ष निवासी अंबानगर टपरा के विरुद्ध धारा 34 आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की गई। उक्त कार्रवाई में देहात थाना प्रभारी जय कुमार सिंह, मनोज तिवारी, चन्द्रभान साहू, रामनिवास मीना, यशवंत भार्गव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



भारतीय समाज में अधिवक्ताओं की भूमिका विषय पर परिचर्चा



गंजबासौदा। अधिवक्ता परिषद मध्य भारत प्रांत, तहसील इकाई के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में अधिवक्ता परिषद मध्य भारत प्रांत के प्रांतीय मंत्री जीवन सिंह किरार ने अधिवक्ता परिषद के चार आयाम एवं चार उत्सव के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने परिषद के उद्देश्यों, कार्यपद्धति एवं समाज में अधिवक्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। जिला इकाई विदिशा के अध्यक्ष अनुराग व्यास ने कार्यक्रम के मुख्य विषय 'भारतीय समाज में अधिवक्ताओं की भूमिका' पर विस्तार से विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अधिवक्ता केवल न्यायालय में अपने पक्षकार का प्रतिनिधित्व करने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि समाज में न्याय, संविधान एवं विधि के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। दीवान सिंह ने अधिवक्ता परिषद की स्थापना के उद्देश्य एवं उसके इतिहास के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम में राघवेंद्र शर्मा, लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा, सौरभ साहू, पुरुषोत्तम कुशवाह, राहुल जैन, मुकेश सोनी, भूपेंद्र किरार, कुंदन कुशवाह, पल्लवी श्रीवास्तव, अभिभाषक संघ के अध्यक्ष अमान सिंह राजपूत, राजेश शर्मा, सत्यकुमार शर्मा सहित अनेक अभिभाषकगण मौजूद रहे।

निजी घर में संचालित हो रही राशन की दुकान

दो माह पहले जांच में 80 क्विंटल राशन कम मिला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत औरंगपुर में संचालित शासकीय राशन दुकान को पंचायत भवन औरंगपुर में स्थानांतरित करने का आदेश करीब एक माह पहले जारी हो चुका है, लेकिन इसके बावजूद आज तक राशन दुकान को पंचायत भवन में शिफ्ट नहीं किया गया है। वर्तमान में दुकान का संचालन निजी घर से ही किया जा रहा है। मामले को लेकर करीब दो माह पहले राशन दुकान की जांच भी की गई थी। जांच के दौरान दुकान में लगभग 80 क्विंटल राशन कम पाया गया था।

मौके पर तहसीलदार एवं खाद्य विभाग के अधिकारी पहुंचे थे, जहां पंचनामा तैयार करने के साथ ही उपभोक्ताओं के बयान भी दर्ज किए गए थे। जांच में कई उपभोक्ताओं द्वारा दो माह का राशन नहीं मिलने की शिकायत की गई थी, जिसे जांच के दौरान सही पाया गया था। जांच के बाद भी राशन दुकान को पंचायत भवन में स्थानांतरित नहीं किए जाने को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि दुकान को पंचायत भवन में संचालित करने का आदेश जारी हो चुका है तो उसका पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए, ताकि राशन वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता बनी रहे और उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। ग्रामीणों ने इस मामले को लेकर करीब दो माह पहले एसडीएम को ज्ञापन देकर भी शिकायत की थी। इसके बावजूद स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं होने से ग्रामीण अब प्रशासन से राशन दुकान को तत्काल पंचायत भवन में शिफ्ट कराने तथा पूर्व जांच में सामने आई अनियमितताओं पर नियमानुसार कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि राशन की कमी, उपभोक्ताओं को राशन नहीं मिलने जैसे गंभीर आरोपों की जांच के बाद प्रशासन को स्पष्ट कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि पात्र हितग्राहियों को समय पर उनका खाद्यान्न मिल सके।

उप जेल में सजी सुरों की शाम



गंजबासौदा। गत दिवस उप जेल में संगीत की एक विशेष शाम का आयोजन किया गया। जेल अधीक्षक आलोक कुमार भार्गव के मार्गदर्शन एवं सहयोग से स्वर संगम म्यूजिकल ग्रुप, बासौदा द्वारा बंदियों के मानसिक तनाव को कम करने के उद्देश्य से रंगारंग गीतों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में नीतू चौबे, मंजू जैन, सतनाम सिंह राजपूत एवं अश्वनी मिश्रा ने युगल स्वर में प्रस्तुतियां दीं। ग्रुप के संचालक कमाल पाशा माथुर और मंजू जैन के नेतृत्व में सभी कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं।

गायत्री परिवार द्वारा किया जा रहा गहन संपर्क



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

अखिल विश्व गायत्री परिवार पिछले चालीस वर्षों से भरतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा अभियान चला रहा है। कार्यकर्ता गण शिक्षण संस्थाओं में जाकर इस परीक्षा में बैठने वाले छात्रों की सूची ले रहे हैं और अन्य स्कूल कॉलेजों में सम्पर्क कर रहे हैं।

सोमवार को पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, शासकीय उच्तर माध्यमिक विद्यालय फरीदपुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पबई में प्रभारी सुरेश सैनी, सूरज सिंह परिहार और नारायण सिंह दांगी ने सम्पर्क कर पुस्तकों का वितरण किया। केंद्रीय विद्यालय में केला, नीम, पीपल, मीठी नीम आदि के पौधों का रोपण भी किया गया। इस कार्य में प्राचार्य सुमन सिंह, शिक्षक दिनेश पवार, मनराज मीना द्वारा विषेश सहयोग किया गया। केंद्रीय विद्यालय के स्टॉफ एवं अन्य लोगों ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा एवं पौधारोपण में विशेष रुचि दिखाई। केंद्रीय विद्यालय ग्रामीण क्षेत्र में होने के कारण कई समस्याओं से जूझ रहा है। यहाँ पर लगभग 35 शिक्षक हैं तथा 400 बच्चे अध्ययन कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में बिजली की समस्या बहुत ज्यादा है, जिससे बच्चे गर्मी में पढ़ने के लिए मजबूर हैं। शिक्षा के केंद्र बच्चों के भविष्य को गढ़ने के साथ-साथ देश के लिए योग्य नागरिकों का निर्माण कर रहे हैं। गायत्री परिजन और परीक्षा प्रभारी सुरेश सैनी ने जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से विद्यालय को समस्याओं से निजात दिलाने के लिए अपील की है। बृजेंद्र राठौर ने गायत्री परिवार के इस अभियान की प्रशंसा की। इस अभियान में संगीता शर्मा, वंदना देवधर ने भी अपनी सहभागिता निभाई।

रहवासी मकान में लगी भीषण आग

गंजबासौदा। राजेंद्र नगर इलाके में अरविंद जोगी के मकान में अचानक भीषण आग लग गई। आग लगते ही पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत नगर पालिका को सूचना दी। सूचना मिलते ही नपा की दमकल ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। आग की चपेट में आने से मकान में खड़ी दो मोटरसाइकिलें जलकर पूरी तरह खाक हो गईं। इसके अलावा घर में रखा अन्य घरेलू सामान भी जलकर नष्ट हो गया, जिससे काफी नुकसान हुआ है। इस हादसे का सबसे दर्दनाक पहलू यह रहा कि आग में फंसने से दो घोड़ों की मौके पर ही मौत हो गई। उन्हें बाहर निकालने का प्रयास किया गया लेकिन सफलता नहीं मिली। प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आगजनी की इस घटना में मकान मालिक को लाखों रुपए का नुकसान हो गया।

एससी आयोग सदस्य बारेलाल अहिरवार ने घायल विक्रम अहिरवार के परिजनों से की मुलाकात

आरोपी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग पैदल एसडीएम कार्यालय पहुंचकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

मध्य प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य बारेलाल अहिरवार सोमवार को सिरोंज पहुंचे। नगर में पहुंचने के बाद उन्होंने सबसे पहले पुराने बस स्टैंड स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इसके बाद वे विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के कार्यकर्ताओं तथा कृषि उपज मंडी में हुई घटना में घायल विक्रम अहिरवार के परिजनों के साथ पैदल एसडीएम कार्यालय पहुंचे। एसडीएम कार्यालय पहुंचकर उन्होंने कृषि उपज मंडी में हुई घटना को लेकर आरोपी के खिलाफ कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उन्होंने घटना में घायल विक्रम अहिरवार के मामले में पुलिस द्वारा निष्पक्ष जांच कर दोषी के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने पीड़ित परिवार से भी चर्चा कर घटना की पूरी जानकारी ली तथा उन्हें उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया।







देखते हुए निष्पक्ष जांच आवश्यक है, ताकि वास्तविक स्थिति सामने आ सके और दोषी व्यक्ति के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा सके। उन्होंने पीड़ित पक्ष की बात भी गंभीरता से सुनी और प्रशासन से मामले में उचित कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात कही। एसडीएम कार्यालय तक निकाले गए पैदल मार्च के दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और पीड़ित परिवार के सदस्य मौजूद रहे। इस दौरान डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों और सामाजिक न्याय की भावना के अनुरूप पीड़ित को न्याय दिलाने की मांग उठाई गई। आयोग सदस्य के सिरोंज पहुंचने और मामले में जानकारी लेने के बाद स्थानीय स्तर पर भी घटना को लेकर प्रशासनिक कार्रवाई को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

आयोग के सदस्य ने पैदल एसडीएम कार्यालय पहुचकर सौंपा ज्ञापन

इस दौरान कृषि उपज मंडी में हुए विवाद को लेकर घटना से एक दिन पूर्व की स्थिति के संबंध में भी जानकारी ली गई। बताया गया कि घटना के एक दिन पहले आरोपी द्वारा मंडी निरीक्षक नंदराम पंथी के साथ कथित रूप से अभद्र व्यवहार और गाली-गलौज की गई थी। इस संबंध में आयोग सदस्य बारेलाल अहिरवार ने मंडी निरीक्षक नंदराम पंथी तथा वृंदावन अहिरवार से भी चर्चा कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से घटना के सभी पहलुओं की जानकारी लेते हुए कहा कि मामले की गंभीरता को

गोलीकांड के आरोपियों की जांच की मांग

ज्ञापन में गोलीकांड के आरोपी आमिर माविया एवं उसके साथियों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की मांग की गई। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि आरोपियों की तलाशी लेकर यह पता लगाया जाए कि उनके पास कोई अवैध हथियार तो नहीं है। साथ ही जिस पिस्तौल से गोली चलाए जाने की बात सामने आई है, वह आरोपी तक कैसे पहुंची और उसे उपलब्ध कराने वाले व्यक्ति के संबंध में भी जांच कर कार्रवाई की जाए। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि कुछ आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों द्वारा हिंदू त्योहारों के आसपास शहर का माहौल खराब कर लोगों में भय का वातावरण बनाने का प्रयास किया जाता है। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि पूर्व में भी संबंधित लोगों की गतिविधियों को लेकर प्रशासन को चेताया गया था, लेकिन अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने के कारण स्थिति गंभीर होती जा रही है।

आरोपी के मकान पर कार्रवाई और जिला बदर की मांग

संगठन ने ज्ञापन के माध्यम से आरोपी आमिर के मकान पर नियमानुसार बुलडोजर कार्रवाई करने तथा आरोपी और उसके भाई के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई किए जाने की मांग की। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन द्वारा मामले में सख्त एवं प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन उग्र आंदोलन एवं प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगा। इस दौरान मध्य प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य बारेलाल अहिरवार,पंडित परिजन सहित बडी संख्या में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल कार्यकर्ता व समाजजन मौजूद रहें।

गुंडागर्दी एवं हफ्ता वसूली जैसी गतिविधियों को दिया जाता है अंजाम

विक्रम अहिरवार पर हुए गोलीकांड के बाद शहर में व्याप्त भय और आक्रोश के बीच मध्य प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य बारेलाल अहिरवार व विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को जिलाधीश के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। संगठन के कार्यकर्ताओं ने कहा कि कृषि उपज मंडी में आपराधिक प्रवृत्ति के ऐसे लोग सक्रिय हैं, जिनके खिलाफ पूर्व से आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। आरोप है कि कुछ लोग मंडी में बिना किसी वैध कार्य के पहुंचकर गुंडागर्दी एवं हफ्ता वसूली जैसी गतिविधियों को अंजाम देते हैं। ऐसे लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाए। ज्ञापन में कृषि उपज मंडी में कार्यरत लाइसेंसधारी हम्मालों एवं तुलावटों को परिचय पत्र जारी करने की मांग भी की गई। संगठन ने कहा कि परिचय पत्र होने से मंडी में बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर नियंत्रण किया जा सकेगा तथा हफ्ता वसूली जैसी गतिविधियों पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

घायल हम्माल के परिजनों से की चर्चा

गोलीकांड के बाद एसपी रोहित काशवानी पहुंचे सिरोंज

पुलिस अधिकारियों को दिए त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश



सिरोंज। कृषि उपज मंडी में हम्मालों और मुकदम के बीच हुए विवाद के दौरान हम्माल को गोली मारने की घटना के बाद सोमवार सुबह करीब 6 बजे पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी सिरोंज पहुंचे। एसपी ने सबसे पहले घटनास्थल का निरीक्षण कर घटना से जुड़ी परिस्थितियों की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने गोलीकांड में गंभीर रूप से घायल हुए हम्माल विक्रम अहिरवार के परिजनों से मुलाकात कर घटना के संबंध में चर्चा की तथा उन्हें पुलिस की ओर से की जा रही कार्रवाई की जानकारी दी। एसपी रोहित काशवानी ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करते हुए मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों से घटना की पूरी जानकारी ली। उन्होंने विवाद की शुरुआत, गोली चलने की परिस्थितियों तथा घटना के बाद पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी पहलुओं की जांच करने और शेष आवश्यक कार्रवाई शीघ्र पूरी करने के निर्देश दिए।

जानकारी के अनुसार कृषि उपज मंडी में हम्मालों और मुकदम के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद बढ़ने के बाद आरोपी अमीर माविया ने हम्माल विक्रम अहिरवार पर कथित रूप से गोली चला दी। गोली लगने से विक्रम गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घायल विक्रम को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए विदिशा जिला अस्पताल रेफर किया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस ने घटना के अगले ही दिन आरोपी आमिर माविया को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस द्वारा आरोपी का जुलूस भी निकाला गया और उसे न्यायालय में पेश किया गया। वही एसपी के सिरोंज पहुंचने के बाद पुलिस महकमे में भी मामले को लेकर सक्रियता दिखाई दी। एसपी ने अधिकारियों से कहा कि गोलीकांड की जांच में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए और घटना से जुड़े सभी तथ्यों को सामने लाकर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही मंडी जैसे महत्वपूर्ण स्थान पर भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए भी आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी पर ध्यान देने के निर्देश दिए गए। घटना के बाद से घायल विक्रम अहिरवार के परिजनों में चिंता का माहौल है। एसपी द्वारा परिजनों से मुलाकात कर उनकी बात सुनी गई और मामले में पुलिस की ओर से हरसंभव कार्रवाई का भरोसा दिलाया गया। पुलिस अब मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।

गणेश चतुर्थी पर मंदिर में हुआ अभिषेक, पूजा-अर्चना के बाद बांटी प्रसादी



सिरोंज। गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर ग्राम मुगलसराय स्थित प्रसिद्ध गणेश मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का माहौल रहा। गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में ग्रामवासियों ने एकत्रित होकर भगवान श्री गणेश का विधि-विधान से अभिषेक किया। इसके बाद पूजा-अर्चना एवं पाठ का आयोजन कर भगवान गणेश की आरती की गई। आरती के पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया। पूरे आयोजन के दौरान ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश से गांव में सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। गणेश चतुर्थी का पर्व ग्रामीणों ने बड़े धूमधाम और धार्मिक उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरेन्द्र पालीवाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

किसान नेता सुरेंद्र रघुवंशी ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से की मुलाकात

सिरोंज के हक की सड़क के लिए नागपुर में उठी आवाज



सिरोंज। सिरोंज-लटेरी को राष्ट्रीय राजमार्गों से जोड़ने की मांग अब नागपुर तक पहुंच गई है। किसान नेता सुरेंद्र रघुवंशी ने नागपुर पहुचकर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर सिरोंज से प्रस्तावित दो महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्गों के मार्ग में हुए बदलाव पर पुनर्विचार करते हुए दोनों मार्गों को सिरोंज-लटेरी से जोड़ने की मांग रखी। इस अवसर पर किसान नेता सुरेन्द्र रघुवंशी ने मंत्री को क्षेत्र की भौगोलिक एवं आर्थिक स्थिति से अवगत कराते हुए कहा कि सिरोंज को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ना क्षेत्र के विकास के लिए बेहद जरूरी है। इससे किसानों को उपज बड़ी मंडियों तक पहुंचाने में सुविधा मिलेगी, व्यापार को गति मिलेगी तथा युवाओं के लिए रोजगार और व्यवसाय के नए अवसर पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित कॉरिडोर से गंजबासौदा क्षेत्र को भी लाभ मिलेगा और क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी। श्री रघुवंशी ने 17 जनवरी को विदिशा में सिरोंज-कुरवाई-बीना मार्ग को करीब 1000 करोड़ रुपए की लागत से विकसित किए जाने की घोषणा का उल्लेख करते हुए कहा कि बाद में मार्ग में बदलाव से सिरोंज के इससे वंचित होने की स्थिति बन रही है। इसी तरह कोटा-विदिशा राष्ट्रीय राजमार्ग का मार्ग भी सिरोंज से हटाकर मक्सूदनगढ़-बैरसिया की ओर किए जाने पर उन्होंने आपत्ति जताई और दोनों मार्गों को सिरोंज से जोड़ने की मांग की। मुलाकात के दौरान श्री रघुवंशी ने संबंधित दस्तावेज एवं प्रस्तावित मार्गों की जानकारी भी मंत्री को सौंपी। वहीं केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

सनातन स्वाभिमान यात्रा आस्था और स्वाभिमान की आवाज बनेगी: पंकज जैन

उज्जैन से अयोध्या तक दिग्विजय सिंह की यात्रा का किया समर्थन, राम मंदिर से जुड़े मामलों में पारदर्शिता की मांग



विदिशा। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महामंत्री पंकज जैन ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह द्वारा विजयादशमी पर 20 अक्टूबर से उज्जैन से अयोध्या तक निकाली जाने वाली सनातन स्वाभिमान यात्रा को ऐतिहासिक पहल बताया है। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम करोड़ों सनातनियों की आस्था, श्रद्धा और स्वाभिमान के प्रतीक हैं। राम मंदिर में चढ़ावे और दान की राशि में कथित अनियमितताओं की खबरों से श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत हुई हैं। ऐसे मामलों में पारदर्शिता और निष्पक्ष जांच जरूरी है। जैन ने कहा कि यात्रा का उद्देश्य राजनीतिक विवाद खड़ा करना नहीं, बल्कि सनातन आस्था से जुड़े सवालों को समाज और सरकार के सामने मजबूती से रखना है। भगवान श्रीराम सत्य, न्याय और मर्यादा के प्रतीक हैं, इसलिए मंदिर की व्यवस्थाओं और श्रद्धालुओं के धन से जुड़े हर सवाल का स्पष्ट जवाब मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि विजयादशमी के दिन यात्रा का शुभारंभ सत्य की असत्य पर विजय के संदेश को और मजबूत करेगा। राम मंदिर किसी दल या व्यक्ति की संपत्ति नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों की आस्था का केंद्र है। उन्होंने सनातन समाज, कांग्रेसजनों और धर्मप्रेमी नागरिकों से यात्रा के उद्देश्य से जुड़ने की अपील की।

यादव महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश यादव का आज होगा स्वागत

विदिशा। अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद जगदीश यादव प्रथम बार विदिशा आगमन करेंगे। वे 1962 की जंग के शहीदों के सम्मान में अहीर धाम, लद्दाख की यात्रा कर लौट रहे हैं। उनके विदिशा आगमन पर समाजजनों द्वारा आज मंगलवार को दोपहर 4 बजे रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक की तरफ स्वागत किया जाएगा।



पूर्व मंत्री भार्गव ने भक्तों को भेंट की मिट्टी से निर्मित गणेश प्रतिमाएं

गढ़ाकोटा। गणेश उत्सव के अवसर पर रहली विधानसभा क्षेत्र में पूर्व मंत्री एवं विधायक गोपाल भार्गव की पहल पर शुद्ध मिट्टी से निर्मित भगवान श्री गणेश की प्रतिमाएं श्रद्धालुओं को भेंट की गईं। गढ़ाकोटा, रहली एवं शाहपुर में आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से भक्तों को प्रतिमाओं के साथ प्रथम पूजन के लिए पूजन सामग्री एवं राशि भी प्रदान की गई। गढ़ाकोटा में गणेश टॉकीज परिसर में विधायक गोपाल भार्गव के निज सचिव डॉ. केके खरे एवं नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी ने श्रद्धालुओं को मिट्टी से निर्मित गणेश प्रतिमाओं का वितरण किया। प्रतिमा प्राप्त करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और उत्साह के साथ भगवान श्री गणेश की प्रतिमाएं अपने घर ले गए। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी ने कहा कि मिट्टी से निर्मित गणेश प्रतिमाओं का वितरण हमारी संस्कृति और परंपराओं को आगे बढ़ाने के साथ पर्यावरण संरक्षण का भी सुंदर संदेश देता है। उन्होंने कहा कि गणेश उत्सव आस्था और भक्ति का पर्व है, ऐसे में पर्यावरण अनुकूल प्रतिमाओं को बढ़ावा देना समाज के लिए सकारात्मक पहल है। कार्यक्रम के दौरान बाजार में गणेश प्रतिमाएं लेने पहुंचे श्रद्धालुओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। भक्त श्रद्धापूर्वक आकर्षक गणेश प्रतिमाएं अपने घर ले जाते नजर आए। आयोजन ने धार्मिक आस्था के साथ पर्यावरण संरक्षण के संदेश को भी मजबूत किया।

सांदीपनि विद्यालय में संतुलित आहार कार्यशाला

सागर। सांदीपनि विद्यालय में गतिविधि आधारित शिक्षण के तहत माध्यमिक विंग द्वारा संतुलित आहार कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें कक्षा छठवीं से आठवीं तक के 108 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने स्वयं तैयार किए गए संतुलित आहार के 40 स्टॉल लगाए।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन से हुआ। प्राचार्य दिलीप चौबे ने संतुलित आहार के लाभ बताए। विज्ञान शिक्षिका निर्मला सिंघई ने विद्यार्थियों को प्रोटीन, विटामिन, खनिज लवण और कार्बोहाइड्रेट के संतुलित उपयोग की जानकारी दी। शिक्षक गोविंद ठाकुर ने फास्ट फूड का कम से कम सेवन करने की सलाह दी।विद्यार्थियों ने आंवला मुरब्बा, गाजर का हलवा, फलों का सलाद, अंकुरित दाल-अनाज, इडली और चना मसाला सहित विभिन्न व्यंजनों के स्टॉल लगाए। अतिथियों ने स्टॉलों का निरीक्षण किया।

अतिक्रमण पर की गई संयुक्त कार्रवाई

सागर। नगर पालिक निगम सागर आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार रविवार को जिला प्रशासन, पुलिस बल एवं नगर निगम की अतिक्रमण टीम द्वारा शहर में संयुक्त अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान स्कूल एवं कॉलेजों के आसपास संचालित ठेले, टपरे एवं गुमटियों को हटाया गया। इसके साथ ही शहर में शराब दुकानों के आसपास अवैध रूप से संचालित अहातों तथा ठेले-गुमटियों के विरुद्ध भी कार्रवाई करते हुए उन्हें हटाया गया। संयुक्त कार्रवाई में गोपालगंज थाना प्रभारी, नायब तहसीलदार सहित नगर निगम की अतिक्रमण टीम मौजूद रही। नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि स्कूल-कॉलेजों एवं शराब दुकानों के आसपास अनधिकृत रूप से ठेले, गुमटियां अथवा अन्य अतिक्रमण संचालित नहीं होने दिए जाएंगे।

मोदी के जन्मदिवस पर दीपों से जगमगाएगा कुरवाई पेंशनर्स एसोसिएशन के सदस्यों को भेंट किए दीपक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरवाई

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिवस के अवसर पर 17 सितंबर को दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

इस संबंध में प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश, शाखा कुरवाई के सदस्यों की बैठक विधायक कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे ने उपस्थित सदस्यों को दीपक भेंट किए। विधायक हरि सिंह सप्रे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का जन्मदिवस सेवा, समर्पण और जनकल्याण की भावना के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि 17 सितंबर को दीप प्रज्ज्वलित कर प्रधानमंत्री जी के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की जाएगी।



कुरवाई। पेंशनर्स ने भेंट किए दीपक।

दीप प्रज्ज्वलन अभियान में सहभागिता का आह्वान

विधायक सप्रे ने पेंशनर्स एसोसिएशन के सभी सदस्यों एवं नागरिकों से आह्वान किया कि प्रधानमंत्री जी द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से किए जा रहे राष्ट्र के विकास के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके जन्मदिवस पर अपने घरों एवं आसपास दीप प्रज्ज्वलित करें तथा इस अभियान में सहभागिता निभाएं। इस अवसर पर प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश, शाखा कुरवाई के सदस्य उपस्थित रहे।

बाबा रामदेव की भक्ति में डूबा नगर, निकली ध्वजा यात्रा

डीजे की धुन पर नाचते-गाते पहुंचे श्रद्धालु, पुष्पवर्षा और भंडारों से हुआ स्वागत, रातभर गूंजे भजन-कीर्तन

हरिभूमि न्यूज ⏭ शमशाबाद

बाबा रामदेव के जन्मोत्सव पर सोमवार को पूरा नगर भक्तिरस में डूबा नजर आया।

नगर में भव्य ध्वजा यात्रा और चल समारोह निकाला गया। आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु हाथों में ध्वजा लेकर डीजे की धुन पर नाचते-गाते और भजन-कीर्तन करते हुए सूर्य नगर स्थित बाबा रामदेव मंदिर पहुंचे। यहां श्रद्धालुओं ने दर्शन कर विशेष पूजा-अर्चना की। महानीम चौराहे से बंजारा समाज ने भव्य चल समारोह निकाला। नगर में जगह-जगह सामाजिक संगठनों और विभिन्न समाजों ने पंडाल लगाकर यात्रा का स्वागत किया। श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा की गई और प्रसाद वितरित किया गया। रात 8 बजे मंदिर में 21 पंडितों ने विधि-विधान से बाबा रामदेव का अभिषेक कराया। इसके बाद महाआरती हुई। मंदिर समिति की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया। पुजारी पंडित गौरी शंकर शर्मा ने बाहर से आए श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। रामदेव सेवा समिति ने सवा क्विंटल बूंदी का प्रसाद बांटा।

गांव-गांव से पहुंची कीर्तन मंडलियों ने रातभर भजन-कीर्तन कर मंदिर परिसर को भक्तिमय बनाए रखा। देर रात तक धार्मिक कार्यक्रम चलते रहे।



शमशाबाद। शोभयात्रा का किया गया भव्य स्वागत।

बस स्टैंड पर हुआ स्वागत

बस स्टैंड पर कांग्रेस नेता सिंधु विक्रम सिंह, वन विकास निगम उपाध्यक्ष राम मोहन बघेल, नगर परिषद अध्यक्ष भारती प्रदीप माहेश्वरी सहित जुगल चौकसे, रिंकू भार्गव, सुंदर सिंह राजपूत, बंटू राजपूत, प्रकाश रायजादा, प्रभुनाथ सिंह और कान्हा राजपूत सहित अन्य लोगों ने कीर्तन मंडलियों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। श्रद्धालुओं को केले भी वितरित किए गए। डंगरवाड़ा और पाली-करेया स्थित बाबा रामदेव मंदिरों में भी विशेष पूजा-अर्चना और धार्मिक आयोजन हुए।

विनोबा भावे जयंती पर किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

आचार्य विनोबा भावे की जयंती के उपलक्ष्य में गांधी सुमिरन मंच एवं सर्वोदय मंडल तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा टैगोर परिसर में श्रमदान किया गया।

सामाजिक कार्यकर्ताओं ने परिसर में श्रमदान कर स्वच्छता एवं सेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम के माध्यम से आचार्य विनोबा भावे के श्रम, सेवा, स्वावलंबन और सर्वोदय के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। श्रमदान में अतुल शाह, अशोक श्रीवास्तव, बेनी प्रसाद गौर, डॉ. राजेश बंसल, कमलेश दुबे, वीर सिंह, राजितराम द्विवेदी, नरेंद्र ठाकुर, यशस्वी सिंह, गंगाराम यादव, अरविंद शर्मा, अरविंद द्विवेदी, लोकमान्य सिंह, राहुल विश्वकर्मा, तुलाराम चिड़ार, एडवोकेट राजीव अग्रवाल, अनिल श्रीवास्तव, ज्योति अग्रवाल, अरविंद मालवीय सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में श्रम की गरिमा, स्वच्छता, सेवा भावना एवं सामाजिक को बढ़ावा देना रहा।



विदिशा। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने किया श्रमदान।

जिला स्वास्थ्य विभाग नहीं दे रहा ध्यान, नहीं हो रहा मेडिकल दुकानों का सत्यापन

पंजीकृत फार्मासिस्ट के बिना मेडिकल स्टोर से दवाओं का किया जा रहा विक्रय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर सहित जिले भर की अधिकांश मेडिकल दुकानों में पंजीकृत फार्मासिस्ट की अनुपस्थिति में दवाओं का विक्रय किया जा रहा है। पंजीकृत फार्मासिस्ट या तो दूसरे जिले के हैं या फिर पिता के पंजीयन पर बेटा और बेटे के पंजीयन पर पिता या भाई मेडिकल स्टोर में दवा विक्रय कर रहे हैं। ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा मेडिकल स्टोर्स का सत्यापन नहीं किया जा रहा है, जिसके चलते नियम विरुद्ध दवाओं का विक्रय हो रहा है। जानकारी के मुताबिक रायसेन जिले में करीब 180 ऐसे मेडिकल स्टोर्स संचालित हो रहे हैं, जिनके पास दवा विक्रय के लिए लाइसेंस है। इसमें लगभग 30 प्रतिशत दुकानें पंजीकृत फार्मासिस्ट के बिना दवा बेच रही हैं। नियम के तहत राज्य फार्मेसी (भेषज) काउंसिल से पंजीकृत फार्मासिस्ट दवा का विक्रय कर सकता है। लेकिन रायसेन में ऐसी स्थिति है कि भोपाल, विदिशा एवं अन्य जिलों के पंजीकृत फार्मासिस्ट रायसेन जिले में मेडिकल स्टोर्स में हैं, जो कभी भी मेडिकल में नहीं बैठते हैं और मार्केटिंग का कार्य भी कर रहे हैं। कुछ ऐसे भी फार्मासिस्ट हैं जो अन्य जिलों में भी कार्यरत है या फिर पंजीकृत फार्मासिस्ट का पूरा परिवार बारी-बारी से दवा बेचता है। जिले में ऐसी भी दुकानें संचालित हो रही हैं जिन पर पंजीकृत फार्मासिस्ट बैठते ही नहीं हैं। अनुबंध के आधार पर जिला औषधि प्रशासन विभाग से लाइसेंस प्राप्त कर नियमों को ताक पर रख कर दवाई दुकान संचालित कर लोगों की जान से खेलने का कार्य किया जा रहा है। इसके बाद भी औषधि विभाग के जिम्मेदार ड्रग इंस्पेक्टर रेंज के अधिकारियों को कभी भी जरा सी फुर्सत नहीं मिलती कि वो दवा दुकानों का औचक निरीक्षण कर हकीकत की जांच कर सकें।

जांच कार्रवाई के दौरान शहर में मिली थी गड़बड़ी



27 जुलाई को रायसेन शहर में दो अथवा तीन मेडिकल स्टोरों की जांच के दौरान पंजीकृत फार्मासिस्ट मौके पर अनुपस्थित पाए गए थे। इसके बाद ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा दोनों दुकानों को बंद कराया गया था। लेकिन यहां फार्मासिस्ट के पंजीयन की जांच नहीं हुई। फार्मासिस्ट की उपस्थिति बताकर मेडिकल दुकानें भी चालू हो गई थीं। विभाग के द्वारा ऐसे मामलों में कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिससे लोगों की जान से खिलवाड़ हो रहा है। बिना पंजीकृत फार्मासिस्ट के द्वारा एच-1 शेड्यूल की दवाइयां जब मरीजों को बेची जाएंगी और अन्य दवाएं बिना पर्चे के थमाई जाएंगी तो लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ होगा, इसकी जांच की जाना चाहिए।

जिले में 300 से ज्यादा दुकानों का हो भौतिक सत्यापन

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रायसेन शहर सहित जिले में 300 से अधिक मेडिकल स्टोर संचालित हैं। ऐसे में विभाग को केवल लाइसेंस और दस्तावेजों की जांच तक सीमित रहने के बजाय प्रत्येक मेडिकल स्टोर का भौतिक सत्यापन करना चाहिए। जैसे कि लाइसेंस में दर्ज फार्मासिस्ट वास्तव में दुकान पर मौजूद है या नहीं, वह किसी दूसरी जगह तो कार्यरत नहीं है, एक ही पंजीयन का इस्तेमाल एक से अधिक दुकानों में तो नहीं हो रहा और दवाइयों का क्रय-विक्रय वास्तव में पंजीकृत फार्मासिस्ट ही कर रहा है। ऐसी जांच निरंतर होती रहनी चाहिए।

जिले के मेडिकल स्टोरों की सही जांच नहीं

जिले के मेडिकल स्टरों की जिम्मेदार अधिकारी समय समय पर सही तरीके से जांच नहीं करते पूर्व में जिले में 75 फीस दी मेडिकल ऐसे जांच में मिले थे जो बिना फार्मासिस्ट फार्मासिस्ट के चल रहे थे, इनकी जिले में 12 शिकायत है विभाग को मिली थी फिर भी विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने ऐसे गंभीरता से नहीं लिया। इससे मरीजों की सेहत से लगातार खिलवाड़ हो रहा है। ड्रग इंस्पेक्टरो की जांच में यह भी खुलासा हुआ था कि एक सैकड़ा मेडिकल दुकानों की जांच में पचहत्तर फीसदी मेडिकल स्टोर बगैर फार्मासिस्ट के चलने की सामने आया। इन मेडिकल दुकानों पर प्रतिबंधित और बिना पंजीकृत के गंभीर मामले सामने आने के बावजूद जिम्मेदार विभाग के अधिकारी बजाय एक्शन लेने के हाथ पर धरे बैठे हुए हैं।

इनका कहना

शासन प्रशासन के निर्देश पर शहर सहित जिलेभर की मेडिकल दुकानों की जांच पड़ताल कर दवाइयों को परख निरीक्षण भी किया जाता है।

- **प्रीत स्वरूप,** ड्रग इंस्पेक्टर रायसेन

श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों के बीच प्रतिमाएं लाते रहे

घरों और सार्वजनिक स्थानों पर पंडालों में विराजे गौरी नंदन गणेश, गूंजते रहे रात तक जयकारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर सहित जिलेभर में गणेशोत्सव सोमवार से शुरू हो गया है, जिले भर में इस पर्व का युवाओं और बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। घरों और पंडालों में प्रथम पूज्य भगवान श्रीगणेश की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। ज्यादातर घरों और पंडालों में शनिवार को ही प्रतिमाएं पहुंच गई थीं। सोमवार को भी सुबह से ही प्रतिमाएं ले जाने का क्रम दिन भर चलता रहा।गणेशोत्सव शुरू होने के साथ ही गणपति बप्पा मोरया के जयकारे चारों ओर सुनाई देने लगे हैं।



मूर्तिकारों के यहां से रविवार और सोमवार को शाम तक प्रतिमाओं को ले जाने का सिलसिला चलता रहा। ढोल नगाड़ों और जयकारों के बीच लोगों ने भगवान गणेश की प्रतिमाएं ले जाकर स्थापित की हैं। हर गली-मोहल्ले में गजानन के गीत गूंज रहे हैं। सोमवार से गणेशोत्सव का आगमन होने से लोगों में और भी ज्यादा उत्साह रहा। इस बार बारह दिनों तक विराजेंगे गिरजानंदन भगवान गणेश के गणेशोत्सव को लेकर बच्चों युवाओं में भी उल्लास नजर आ रहा है। कई जगह कलाकृति प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं।

10 दिवसीय गणेश उत्सव शुरू, शुभ मुहूर्त में गणपति प्रतिमाओं की हुई स्थापना

बरेली। सोमवार को सुबह से रात्रि तक धार्मिक भक्ति मय माहौल बना रहा। महिलाएं हरतालिका तीजा व्रत के लिए सक्रिय और भगवान शंकर माता पार्वती की पूजन फुलेरा बांधकर करने सक्रिय बनी रही। दोपहर से शंकर पार्वती के प्रिय पुत्र प्रथम पूज्य श्री गणेश की प्रतिमाएं ढोल बाजे के साथ ले जाने समितियां के सदस्य और हजारों परिवारों के लोग घरों में गणपति बप्पा की स्थापना पूजन के लिए सक्रिय बने रहने से धर्म मय माहौल बना रहा। सोमवार को हरतालिका तीजा के साथ श्री गणेश चतुर्थी का विशेष धार्मिक पर्व रहा। सड़क किनारो पर लगी दुकानों से गणपति बप्पा की विभिन्न मुद्राओं में छोटी बड़ी प्रतिमाएं पूजन सामग्री खरीदने दिनभर दुकानों पर भीड़ बनी रही। मोटरसाइकिलों ट्रैक्टर ट्रालियों में गणपति प्रतिमाएं ढोल बाजे के साथ नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र की समितियां के युवाओं की टोलियां सक्रिय बनी रही। इसी के साथ घरों घर भी श्री गणेश प्रतिमाओं की स्थापना कर परिवार भी रिद्धि सिद्धि बुद्धि के देवता की पूजन की आरती में सक्रिय बने रहे।



आकर्षक और रोशनी से जगमग पंडालों का निर्माण

श्री गणेश की नगर में लगभग 50 सार्वजनिक स्थानों पर प्रतिमाओं की स्थापना हुई इसी के साथ नगर के विभिन्न हिस्सों में विशाल आकर्षक और रोशनी से जगमग पंडाल झांकियों का निर्माण किया गया है। नगर के साथ ग्रामीण क्षेत्र में भी 10 दिवसीय गणेश उत्सव मनाने ग्रामीणों में भारी उत्साह नजर आता रहा। आने वाले 10 दिनों तक नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में गणेश उत्सव की धूमधाम बनी रहेगी।

हरितालिका तीज पर रखा निर्जला व्रत फुलेरा बांधकर किया भजन-कीर्तन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

सोमवार को हर तालिका तीज, गणेश चतुर्थी का त्यौहार मनाने का विशेष चित्रा संयोग हुआ। रायसेन शहर सहित जिलेभर के अंचलों में महिलाओं ने शाम को स्नान कर सोलह श्रृंगार किया।हर भादों महीने के हरितालिका तीज पर सोमवार को पूजन सामग्री खरीदी के लिए बाजार गुलजार रहे। पति के दीर्घायु को मनाए जाने को लेकर सुहागवती महिलाओं और कुंवारी लड़कियों हरि तालिका व्रत उत्साहित होकर किया। गौरतलब है कि हरितालिका तीज व्रत सबसे कठिन माना जाता है। इस दिन महिलाएं पानी की एक बूंद भी ग्रहण नहीं करतीं। पंडित दुर्गा प्रसाद शर्मा राममोहन चतुर्वेदी ने बताया कि धार्मिक मान्यता है कि माता पार्वती ने इसी व्रत से भगवान भोले शंकर को अपने पति के रूप में पाया था। व्रतधारी महिलाओं ने सुबह महुआ की टहनी से दातून कर व्रत की शुरूआत की ।और शाम को घरों में फुलेरा बांधा और लकड़ी की पाटी पर विराजित मिट्टी से बने भगवान शिव और गौरा पार्वती के चारों ओर केले के पत्ते और सुन्दर गुलाब, बेला और चंपा-चमेली के गजरों से सजाया गया। तत्पश्चात नींबू, खीरा, पान-सुपारी, फल, नारियल श्रृंगार सामग्री अर्पित कर परिवार की सुख समृद्धि सलामती और अखंड सौभाग्यवती का आशीर्वाद लिया। इसके बाद प्रसाद वितरण कर रात्रि के चारों प्रहर ढोलक व मंजीरे की थाप पर रात्रि जागरण कर भजन-कीर्तन किया और भगवान शिव व माता पार्वती की महिमा का गुणगान किया और बड़ों का आशीर्वाद लेने के साथ ही ब्राह्मणों को दान-दक्षिणा दी।



141 लीटर अवैध शराब और 3 बाइक जब्त, शराब बनाने के लिए तैयार 3 हजार लीटर लाहन नष्ट, 11 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

अवैध शराब के निर्माण और बिक्री के खिलाफ रायसेन पुलिस ने सोमवार तड़के बड़ी कार्रवाई की। सांची थाना क्षेत्र के ज्ञानपुरा गुलगांव के पारदी मोहल्ले में सुबह करीब 4 बजे पुलिस की संयुक्त टीम ने सर्चिंग अभियान चलाया। पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से कुल 141.26 लीटर अवैध शराब और 3 मोटरसाइकिलें जब्त की गईं। वहीं, शराब बनाने के लिए तैयार करीब 3 हजार लीटर लाहन मौके पर नष्ट किया गया। धरपकड़ अभियान के दौरान भीकनबाई नाम की महिला के कब्जे से 7 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। सर्चिंग के दौरान सांची पुलिस ने धौलसिंह मोगिया के कब्जे से 311 क्वार्टर देशी शराब (55.980 लीटर) और एक बाइक जब्त की। इसके अलावा निर्मल मोगिया से 5 लीटर, राजा मोगिया से 6 लीटर, पप्पू मोगिया से 5 लीटर और



गोपाल उर्फ पराग मोगिया से 7 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। पुलिस ने धौलसिंह और निर्मल, राजा, पप्पू व गोपाल के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की।

सलामतपुर में भी दबोचे आरोपी

सलामतपुर पुलिस ने शेखर मोगिया और उमेश मोगिया के कब्जे से एक बाइक सहित 54 लीटर अवैध देशी शराब जब्त की। वहीं रोकी मोगिया से 22 क्वार्टर यानी 3.960 लीटर और राजबाबू मोगिया से 24 क्वार्टर यानी 4.320 लीटर देशी शराब मिली। इसके अलावा पप्पू उर्फ प्रकाश मोगिया और अरुण उर्फ अजय मोगिया के कब्जे से एक मोटरसाइकिल जब्त की गई। इन दोनों के खिलाफ पूर्व से लूट के मामले लंबित बताए गए हैं।

फरार पर भी कसा शिकंजा

सर्चिंग के दौरान पुलिस ने अवैध शराब के साथ संपत्ति संबंधी अपराधों में फरार आरोपियों की भी धरपकड़ की। पुलिस के अनुसार शेखर मोगिया के खिलाफ सांची थाने में स्थायी वारंट सहित मारपीट का मामला और सलामतपुर थाने में वाहन चोरी का प्रकरण लंबित है। उमेश मोगिया के खिलाफ वाहन चोरी का मामला दर्ज है। वहीं पप्पू उर्फ प्रकाश और अरुण उर्फ अजय के खिलाफ लूट के मामले लंबित हैं। कार्रवाई में एसडीओपी रायसेन, सांची थाना प्रभारी निरीक्षक रामबिलोचन शर्मा, सलामतपुर थाना प्रभारी उप निरीक्षक श्यामराम सिंह, दीवानगंज चौकी प्रभारी उप निरीक्षक सुनील शर्मा आदि शामिल रहे।

भजन की होगी इनामी प्रतियोगिता

अनंत चौदस पर अखाड़ों के साथ निकलेंगे चल समारोह



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

रामलीला मैदान के सभा कक्ष में हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष दिनेश बवेले की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में 10 दिवसीय गणेश उत्सव, डोल ग्यारस और अनंत चौदस के धार्मिक कार्यक्रमों को उत्साह पूर्वक मनाने के संबंध में चर्चा की गई। श्री गणेश प्रतिमाओं के साथ हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में अखाड़ों के साथ अनंत चौदस पर चल समारोह निकाले जाने की दशकों पुरानी परंपरा है। चल समारोह के समापन पर रात्रि में कार्यक्रम धर्म सभा भी होती है। हिंदू उत्सव समिति की बैठक में अनंत चौदस पर रात्रि जागरण कार्यक्रम में भजनों की इनामी प्रतियोगिता आयोजन का निर्णय लिया गया। प्रतियोगिता में क्षेत्र और प्रदेश की ख्याति प्राप्त भजन मंडलियों को आमंत्रित किया जाएगा। बैठक में हिंदू उत्सव समिति के पदाधिकारीयों सदस्यों अखाड़ों के संचालक उस्ताद इत्यादि की उपस्थिति रही।

फसल नुकसान की भरपाई के लिए एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

किसानों की समस्याओं को लेकर ट्रैक्टर रैली निकाली, हजारों कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन/बेगमगंज

सोयाबीन, धान की फसल में पीलामोजेक रोग से हुए भारी नुकसान को लेकर किसानों को उचित मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर सोमवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं सिलवानी विधायक देवेंद्र पटेल, जिला कांग्रेस संगठन प्रभारी शैलेंद्र पटेल के नेतृत्व में ट्रैक्टर रैली निकाली। रैली में करीब 300 से अधिक ट्रैक्टरों के साथ करीब 10 हजार किसानों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं की विशाल रैली भाजपा सरकार के खिलाफ हुंकार भरते हुए सागर रोड़ लोहामिल से होते हुए दशहरा मैदान पहुंची, जहां पर आम सभा आयोजित किए जाने के बाद राज्यपाल के नाम एसडीएम प्रियंका भलावी को ज्ञापन दिया गया।

विधायक पटेल ने बताया कि खराब मौसम के कारण खरीफ फसलों में सोयाबीन, मक्का, धान सहित फसलों को हुए भारी नुकसान एवं किसानों की फसलों का बीमा नहीं दिया। किसानों की फसलों का मुआवजा एवं गत वर्ष सहित इस वर्ष का भी फसल बीमा दिलाने की मांग एवं अन्य विभिन्न मांगो को लेकर पैदल मार्च करते हुए दशहरा मैदान पहुंचे ओर महामहिम राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

आमसभा में जिला कांग्रेस अध्यक्ष आईटी सेल आशीष यादव, किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ शर्मा, अभिषेक जैन, राजेश यादव पार्षद, कन्छेदी लाल शर्मा, प्यारे आकाश, जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष रंजीत सिंह रघुवंशी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संदीप विश्वकर्मा, राजा धर्मवीर शाह, राजेंद्र सिंह तोमर, पूर्व विधायक व जिला प्रभारी शैलेन्द्र पटेल, मप्र किसान कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान एवं विधायक देवेंद्र पटेल ने सम्बोधित करते हुए किसान विरोधी भाजपा सरकार एवं क्षेत्रीय सांसद व केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान पर किसानों के हित एवं क्षेत्र के विकास में कोई काम नही करने का आरोप लगाते हुए त्यागपत्र देने की प्रबल मांग की। वहीं मांग रखी कि प्राकृतिक आपदा से सोयाबीन एवं मक्का की बर्बाद फसलों का मुआवजा दिया जाए, कृषि ऋण एवं बिजली बिल सहित सभी वसूली समाप्त की जाएं।





दलदल बना सत्ती-केमखेड़ी मार्ग

मरीजों व गर्भवती महिलाओं को अस्पताल पहुंचाना मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

सांची विकासखंड के सत्ती से केमखेड़ी को जोड़ने वाला मार्ग बारिश के बाद दलदल में तब्दील हो गया है। सड़क पर जगह-जगह कीचड़ और फिसलन होने से करीब छह गांवों के ग्रामीणों का आवागमन मुश्किल हो गया है। हालात यह हैं कि दोपहिया वाहन चालक आए दिन फिसलकर गिर रहे हैं, वहीं गंभीर मरीजों और गर्भवती महिलाओं को अस्पताल ले जाने में भी ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ रही है। आपात स्थिति में एम्बुलेंस तक गांवों में पहुंचना मुश्किल हो गया है। सड़क की बदहाली का सबसे ज्यादा असर विद्यार्थियों पर पड़ रहा है। सत्ती, केमखेड़ी सहित आसपास के गांवों के विद्यार्थी रोज इसी मार्ग से पीएम श्री हाई स्कूल सेमरा और पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दीवानगंज पहुंचते हैं। बारिश के दौरान मार्ग पर इतना कीचड़ हो जाता है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि बच्चों को रोज इस दलदल से होकर स्कूल जाना पड़ रहा है। जिससे रोजाना विद्यार्थियों के कपड़े जूते गंदे हो जाते हैं कई बार तो विद्यार्थी इस दलदल में गिरकर घायल भी हो चुके हैं।

ग्रामीणों के अनुसार लंबे समय से सड़क मरम्मत की मांग की जा रही है, लेकिन स्थायी समाधान नहीं हुआ। कुछ दिन पहले सेमरा पंचायत के सरपंच भानु लोधी ने मार्ग पर



मुरुम डलवाई थी, लेकिन बारिश के बाद मुरुम भी कीचड़ में मिल गई और मार्ग फिर दलदल में बदल गया। इससे समस्या और बढ़ गई है।

यह मार्ग सेमरा और अंबाडी दोनों पंचायतों की सीमा में आता है। ग्रामीणों का कहना है कि इसी वजह से सड़क का काम लंबे समय से अधूरा पड़ा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल मुरम और गिट्टी डालकर मार्ग को आवागमन योग्य बनाने के साथ ही स्थायी सड़क निर्माण कराने की मांग की है।

अंबाडी की सरपंच कुंती रमेश कुमार अहिरवार ने बताया कि यदि यह मार्ग बन जाता है तो आसपास के कई गांवों के ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी।

इनका कहना है

कुछ दिन पहले केमखेड़ी से सत्ती गांव तक मेरे द्वारा 50 हजार रुपए की लागत से रास्ते में मुरुम डलवा दी गई थी। बारिश में बड़े वाहन निकलने के कारण रास्ता दलदल के रूप में बदल गया। जिससे ग्रामीणों की समस्या और बढ़ गई है।

भानु लोधी सरपंच सेमरा

आकांक्षा तलया संभालेंगी अब रायसेन एसडीओपी की कमान

रायसेन। राज्य शासन द्वारा भारतीय पुलिस सेवा एवं राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। जारी आदेश के तहत रायसेन एसडीओपी प्रतिभा शर्मा का तबादला उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय भोपाल किया गया है, अब उनके स्थान पर टिमरनी में पदस्थ एसडीओपी आकांक्षा तलया को रायसेन एसडीओपी बनाया गया है। इसी प्रकार औबेदुल्लागंज एसडीओपी शीला सुराना का तबादला भी उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय भोपाल किया गया है, उनके स्थान पर पुलिस मुख्यालय भोपाल में पदस्थ उप पुलिस अधीक्षक सलिल शर्मा को औबेदुल्लागंज एसडीओपी पदस्थ किया गया है।

कृषक सेवा सहकारी संस्था, मर्यादित सलामतपुर जिला रायसेन (म.प्र.)

पंजीयन क्र./एआर/आरएसएन/285/दिं.25-01-1977 दिनांक-11/09/2026

:: साधारण आमसभा की सूचना ::

संस्था के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक साधारण आम सभा का आयोजन दिनांक 29.09.2026 दिन मंगलवार को दोपहर 1 बजे संस्था मुख्यालय में रखा गया है। जिसमें आप सभी महानुभावों की उपस्थिति प्रार्थनीय है। निर्धारित समय पर गणपूर्ति (कोरम) के अभाव में बैठक स्थगित कर उसी दिन उसी स्थान पर आधा घंटे पश्चात स्थगित बैठक पुनः आयोजित की जाएगी। जिसमें गणपूर्ति की आवश्यकता नही होगी।

(प्रशासक/अध्यक्ष महोदय के आदेशानुसार)

समिति प्रबंधक
कृषक सेवा सहकारी संस्था मर्यादित
सलामतपुर जिला रायसेन

कृषक सेवा सहकारी संस्था मर्यादित दीवानगंज जिला रायसेन (म.प्र.)

पंजीयन क्र./एआर/आरएसएन/287/दिं.25-01-1977 दिनांक-09/09/2026

:: साधारण आमसभा की सूचना ::

संस्था के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक साधारण आम सभा का आयोजन दिनांक 24.09.2026 दिन गुरुवार को दोपहर 12 बजे संस्था कार्यालय दीवानगंज में रखा गया है। जिसमें आप सभी महानुभावों की उपस्थिति प्रार्थनीय है। निर्धारित समय पर गणपूर्ति (कोरम) के अभाव में बैठक स्थगित कर उसी दिन उसी स्थान पर आधा घंटे पश्चात स्थगित बैठक पुनः आयोजित की जाएगी। जिसमें गणपूर्ति की आवश्यकता नहीं होगी।

(प्रशासक/अध्यक्ष महोदय के आदेशानुसार)

समिति प्रबंधक
कृषक सेवा सहकारी संस्था मर्यादित
दीवानगंज जिला रायसेन